प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

प्रदेश में नामाकंन वापसी की प्रकिया पूरी होने के बाद अब 4 लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए उम्मीदवारों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। प्रदेश चार संसदीय क्षेत्रों में अब 37 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है जबकि 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव में 25 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन वापस लेने के बाद कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्रों में 10–10, हमीरपुर में 12 और शिमला संसदीय क्षेत्र में पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। इसी तरह विधानसभा उप–चुनाव में धर्मशाला से चार उम्मीदवार, लाहौल स्पीति में 3, सुजानपुर में 6, कुटलैहड़ में 4, गगरेट में 5 और बड़सर में तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए अब 13 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार तेजी से जारी है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज सोलन, कांगड़ा और चंबा जिलों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। नड्डा की पहली चुनावी जनसभा कांगड़ा के फतेहपुर में और दूसरी जनसभा चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में होगी। इसके बाद वे सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना और जसंवा प्रागपुर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर जनसम्पर्क कार्यक्रमों में शामिल होगें। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर के नादौन विधानसभा क्षेत्र में चुनावी कायक्रमों में हिस्सा लेंगे और कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करेंगें। कांग्रेस नेता व उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के लिए चंबा के भरमौर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अग्निहोत्री कांगड़ा जिला के सुलह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आज सुबह हमीरपुर में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेश को लेकर साईक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साईकल रेस का शुभारंम्भ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर में किया। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने बी–फिट जिम में 'फिट मतदाता

देश का भाग्यविधाता' कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया जिसमें फिटनेस के साथ–साथ युवओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सोलन जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 8 दिवसीय इस अभियान के तहत सोलन विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची और एक मतदाता निर्देशिका का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में सभी पर्यवेक्षक और बूथ स्तर अधिकारी घर–घर में जाकर प्रत्येक मतदाता को सामग्री वितरित करेंगे।

शिमला के रिज मैदान पर क्रिकेट प्रेमियों को स्टेडियम जैसे माहौल में आईपीएल क्रिकेट मैच का आनंद देने के लिए आईपीएल फैन पार्क स्थापित किया गया है। इस पार्क में आज और कल होने वाले आईपीएल के 3 मैचों का प्रसारण निशुल्क दिखाया जाएगा। आईपीएल के इस सीजन में देश में 50 शहरों मे फैन पार्क स्थापित किए जा रहे है जिनमे हिमाचल में पहले ऊना और हमीरपुर के बाद अब शिमला में भी य़ह आयोजन किया जा रहा है । आईपीएल मैचो के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रसारणों मे शिमला फैन पार्क को भी प्रसारित किया जाएगा जिससे शिमला की पर्यटन के लिहाज से लोकप्रियता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी ।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

दिव्य हिमाचल का शीर्षक हैं–**मैदान में बचे 62 प्रत्याशी–लोकसभा के 3 विधानसभा उप–चुनाव के चार उम्मीदवारों ने वापस लिया नामांकन।**

प्रदेश सरकार को राहत फिलहाल वापस नहीं करना होगा वाटर सैस शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक। दैनिक सेवरा टाईम्स की सुर्खी है–**बिजली कंपनियों से वसूले वाटर सैस की वापसी पर सुप्रीम कोर्ट की रोक।**

सात जिलों में धधक रहे जंगल, अब तक 3 सौ 13 आगजनी की घटनाएं शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–**प्रदेश में बीते डेढ़ महीने मे 2 हजार 162 हैक्टेयर क्षेत्र को नुकसान।** आपका फैसला के शब्द हैं–**जाबली रेलवे ट्रैक पर आग लगने से रूकी हिमालयन क्वीन।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–**पंचकुला में बनेगा हिमाचल भवन–सरकार ने सैक्टर 20 में ढूंडी 13 बीघा जमीन।**

जे.बी.टी. शिक्षक को पेंशन व इंन्क्रीमैंट जारी न करने पर हाई कोर्ट सख्त शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–हाई कोर्ट ने शिक्षा सचिव और निदेशक से पूछा क्यों न उन पर कार्रवाही की जाये।

पंजाब केसरी शिमला नगर निगम की ई–विधान प्रणाली का सॉफ्टवेयर बनाने के मामले पर लिखता है– **67 लाख का काम बीच में छोडकर भागी आई.टी.कंपनी–नगर निगम के पास नहीं कोई रिकार्ड–बड़े घोटाले का अंदेशा।**

....